पेट्रोल 118 के पार, डीजल 101 रुपए प्रति लीटर

दस दिनों में चौथी बड़ी वृद्धि से आम जनता बेहाल, फल, सब्जी, दूध और राशन भी होंगे महंगे

नवभारत न्यूज

सतना, 25 मई. आम आदमी की कमर तोड़ रही महंगाई के बीच जनता को एक और तगड़ा झटका लगा है। पिछले महज 10 दिनों के भीतर यह चौथी बड़ी वृद्धि है, जिसने आम उपभोक्ता को संभलने का मौका भी नहीं दिया। आज सुबह पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है। इस ताजा बढ़ोतरी के बाद अब पेट्रोल ?118 के पार और डीजल ?101 रुपए प्रति लीटर हो गया.

आंकड़ों पर नजर डालें तो इस महीने में यह जनता की जेब पर लगा चौथा बड़ा झटका है, जिससे हर वर्ग में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। देश का अधिकांश लॉजिस्टिक नेटवर्क डीजल पर निर्भर है, इसलिए ट्रांसपोर्टर्स का खर्च बढ़ने के कारण आने वाले दो से तीन दिनों में सब्जियां, फल, दूध, दवाइयां और राशन सहित रोजमर्रा की सभी जरूरी चीजों के दाम बढ़ना तय है। व्यापारियों का कहना है कि जब

मंडियों तक माल पहुँचाने का भाड़ा ही बढ़ जाएगा, तो खुदरा बाजार में कीमतें बढ़ना स्वाभाविक है। इसके कारण आने वाले दिनों में आम आदमी की थाली और महंगी होने वाली है, जिससे मध्यम वर्ग के सामने अपने सीमित वेतन में घर चलाना एक बड़ी चुनौती बन जाएगा।

लगातार हो रही इस बेतहाशा बढ़ोतरी से मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों के घर का मासिक बजट पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। स्थिति यह हो गई है कि लोग अब बहुत जरूरी होने पर ही निजी गा?यां सड़कों पर निकाल रहे हैं, लोग अब सार्वजनिक परिवहन या दोपहिया वाहनों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इसके साथ ही, ईंधन का यह संकट सिर्फ पेट्रोल-डीजल तक सीमित नहीं है कंपनियों ने पिछले दिनों सीएनजी के दामों में भी 1 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी की थी।

स्थानीय सार्वजनिक परिवहन का किराया भी बढ़ने की पूरी आशंका है, जिसका सीधा और सबसे गहरा असर रोजाना कॉलेज जाने वाले छात्रों और कम आय वाले नौकरीपेशा लोगों की जेब पर पड़ेगा।

महंगाई इन दिनों पहले से बोझ बनी हुई है इसके बाद लगातार डीजल पेट्रोल की बढ़ती क़ीमते हम जैसे आम जनता के लिए एक बड़ी आर्थिक समस्या है सरकार को इस पर विचार करना चाहिए ताकि आम जानता को राहत मिल सके

कमलेश उर्मलिया

पेट्रोल डीजल की बढ़ती क़ीमते सीधे तौर पर बाजार को प्रभावित करती हैं क्योंकि की डीज़ल बढ़ने से परिवहन खर्च बढ़ेगा और परिवहन ख़र्च बढ़ने से बाहर से आने वाले सामान की क़ीमतों में वृद्धि होगी।

जितेंद्र गर्ग व्यवसायी

हमारी सैलरी नहीं बढ़ रही, लेकिन ईंधन के दाम हर दूसरे दिन बढ़ रहे हैं। मध्यम वर्ग के लिए अब अपनी निजी गाड़ी चलाना एक सपना बन जाएगा. इस ओर किसी का ध्यान नहीं है .मजबूरी में आदमी को सबकुछ करना पड़ता है .

दीपक तिवारी

हमारी सैलरी साल में एक बार मुश्किल से 5 से 10 परसेंट बढ़ती है, लेकिन पेट्रोल के दाम 10 दिन में चार बार बढ़ जाते हैं। युवाओं के लिए सर्वाइव करना मुश्किल हो रहा है. ईंधन की कीमतों को नियंत्रित करना चाहिए।

शुभ शर्मा

सवा करोड़ का बालिका छात्रावास बना शो पीस

छात्रावास पीडब्ल्यूडी और पीआईयू के बीच उलझी जानकारी ने खड़े किए सवाल

नवभारत न्यूज

सतना, 25 मई. बेटियों की उच्च शिक्षा और सुरक्षित आवास को लेकर सरकारें लगातार बड़े दावे कर रही हैं, लेकिन सतना में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाया गया शासकीय कन्या महाविद्यालय छात्रावास तीन साल बाद भी सिर्फ बंद भवन बनकर खड़ा है.

हैरानी की बात यह है कि करोड़ों रुपये की लागत से बने इस छात्रावास की जिम्मेदारी तक स्पष्ट नहीं हो पा रही है . पीडब्ल्यूडी ने इससे पल्ला झाड़ लिया, जबकि पीआईयू कार्यालय में भी अधिकारी स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके . ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि आखिर सरकारी राशि से बना यह छात्रावास शुरू क्यों नहीं हो सका और इसकी जवाबदेही किसकी है. जानकारी के अनुसार शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में लगभग 1 करोड़ 34 लाख रुपये की लागत से 50 छात्राओं की क्षमता वाला बालिका छात्रावास निर्मित कराया गया था. वर्ष 2023 में भवन निर्माण का कार्य पूरा हो चुका था छात्रावास निर्माण का उद्देश्य दूरदराज के क्षेत्रों से अध्ययन के लिए आने वाली छात्राओं को

सुरक्षित एवं व्यवस्थित आवासीय सुविधा उपलब्ध कराना था, ताकि उन्हें निजी किराये के कमरों या अन्य असुविधाजनक व्यवस्थाओं पर निर्भर न रहना पड़े लेकिन हकीकत यह है कि तीन साल बीत जाने के बाद भी छात्रावास शुरू नहीं हो पाया.

गौर तलब है कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी छात्रावास प्रारंभ नहीं होने से अब प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं. मामले की जानकारी लेने जब लोक निर्माण विभाग कार्यालय में संपर्क किया गया तो अधिकारियों ने कहा कि उक्त भवन उनके विभाग के अधीन नहीं आता और इसका संबंध परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) से है. इसके बाद पीआईयू कार्यालय में जानकारी लेने पर वहां भी स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी. अधिकारियों का कहना था कि मामले की जानकारी जुटाकर बाद में बताया जाएगा कि छात्रावास का संचालन और नियंत्रण आखिर किस विभाग के अधीन है. स्थानीय लोगों के अनुसार इस छात्रावास के निर्माण को लेकर सतना के पूर्व विधायक स्वर्गीय शंकरलाल तिवारी ने विशेष प्रयास किए थे .

अधिकारी भी कुछ बताने की स्थिति में नहीं

इस संदर्भ में जब कार्यपालन यंत्री पीआईयू रोहित कुमार ने कहा कि वे वर्तमान में मेडिकल अवकाश पर हैं और मामले की जानकारी उपलब्ध नहीं करा सकते. पीआईयू उपयंत्री एस.के. द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की स्पष्ट जानकारी नहीं है तथा अभिलेख देखने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी .

नौतपा के पहले दिन 44 .9 डिग्री पहुंचा पारा

रेड अलर्ट के बीच 39 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झुलसाती रही एक्ट्रीम हीट वेव

नवभारत न्यूज

सतना 25 मई. मौसम विभाग द्वारा सप्ताह भर से जारी किए जा रहे भीषण गर्मी और अति ऊष्ण हवाओं के रेड एलर्ट के बीच नौतपा के पहले दिन ने लोगों को झुलसाने ममें कोई कसर नहीं रख छोड़ी. 44.9 डिग्री सेल्सियस के तापमान के साथ 39 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली अति गंभीर लू ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया.

मौसम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 44.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. इस लिहाज से जहां अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 0.7 डिग्री की बढ़ोत्तरी देखने को मिली. वहीं यह सामान्य की तुलना में 2.9 डिग्री सेल्सियस ऊपर पहंच गया. हलांकि 29 डिग्री सेल्सियस के साथ न्यूनतम तापमान में 24 घंटे में 1.2 डिग्री की कमी देखने को मिली. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 1.2 डिग्री अधिक बना रहा. इसी कड़ी में हवा में नमी की मात्रा भी

रविवार की तरह न्यूनतम स्तर 13 फीसदी पर पहुंच गई. सोमवार की सुबह से ही चिलचिलाती धूप के असर के चलते सुबह के 8 बजते ही पारा एकाएक चढ़ने लगा. वहीं दोपहर 12 बजने के बाद 45 डिग्री को छूने को बेताब पारे के साथ ही 39 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से अत्यधिक गर्म हवाएं चलने लगीं. जिसके चलते दोपहर 2 बजते-बजते हालात काफी खराब नजर आने लगे. आलम यह रहा कि दिन भर की भीषण तपन और एक्ट्रीम हीट वेव के असर के चलते देर शाम तक लू का असर बरकरार रहा.

नौतपे के उत्तरार्ध में राहत ...

मौसम विभाग के अनुसार सतना में हलांकि मंगलवार को भी एक्ट्रीम हीट वेव का रेड एलर्ट जारी रहेगा. लेकिन उसके बाद इसके ऑरेंज एलर्ट में बदलने की संभावना है. अगले कुछ दिनों में राज्य के कुछ हिस्सों में आंधी-बारिश की घटनाएं सामने आ सकती हैं. जिसका आंशिक असर सतना पर भी पड़ने के कारण तापमान में कुछ कमी आने की संभावना रहेगी. वहीं यह संभावना भी जताई जा रही है कि 29 मई तक जिले में भी अलग अलग स्थानों पर तेज हवाओं के साथ गरज-चमक और हल्की बारिश का मौसमी फेरबदल देखने को मिलेगा.

सोने की चेन जब्त कर पुलिसकर्मी ने अपने पास रख ली

अब चेन मालिक और पुलिस कर रहे फरियादियों को परेशान, एसपी ऑफिस पहुंची शिकायत

नवभारत न्यूज

सतना 25 मई. भीख मांगकर गुजारा करने वाले किशन नाम के व्यक्ति की बेटी को रास्ते में सोने की चैन पड़ी मिली, जिसे उसने अपने पास रख लिया.

इसी दौरान कोलगवां थाने का एक पुलिसकर्मी अचानक सक्रिय हो गया और किशन को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देने लगा. पुलिसकर्मी ने दबाव बनाते हुए किशन की बेटी को मिली चैन जब्त तो कर ली. लेकिन उसे उसके मालिक को सौंपने के बजाए अपने पास रख ली. अब जबकि चैन का मालिक और पुलिस ने मिलकर किशन और उसके परिवार से चैन वापस लेने का दबाव बनाया तो कोई रास्ता न देख पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार

लगाई गई.

अमरपाटन निवासी अंजना केकड़ी आधा दर्जन महिलाओं के साथ सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं. जहां पर उन्होंने शिकायती आवदेन सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई अंजना ने जानकारी देते हुए बताया कि अमरपाटन निवासी उसके पड़ोसी और भीख मांगकर गुजारा करने वाले किशन की बेटी को सड़क किनारे एक सोने की चैन पड़ी मिली थी. जिसे उसने अपने पास रख लिया. कुछ दिनों बाद ही कोलगवां थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी विश्वदीप तिवारी अचानक सक्रिय हो गए और उसके पड़ोसी किशन को उठाकर कोलगवां थाना ले गए. जहां पर उन्होंने किशन को कई फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देनी शुरु कर दी. दबाव बढ़ता देख किशन ने यह स्वीकार किया कि उसकी बेटी को रास्ते में सोने की चैन मिली थी. जिसके बाद पुलिसकर्मी विश्वदीप तिवारी ने अंजना, रेनू और शारदा की उपस्थिति में 20 मार्च को उक्त सोने की चैन जब्त कर ली.

चैन जब्त करने के दौरान पुलिसकर्मी ने कहा कि वह उसके असली मालिक को सौंप दी जाएगी. लेकिन ऐसा न करते हुए पुलिसकर्मी ने वह चैन अपने पास रख ली. वहीं दूसरी ओर सोने की चैन के मालिक द्वारा अमरपाटन थाने में चैन गुमने की शिकायत की गई है. जिसके चलते अमरपाटन पुलिस और चैन मालिक द्वारा अंजना और पड़ोसी किशन को थाने बुलाकर उक्त चैन की मांग की जा रही है. परेशानी बढ़ती देख अंजना और किशन द्वारा कोलगवां थाने पहुंचकर पुलिसकर्मी विश्वदीप तिवारी से कहा गया कि उक्त चैन को उसके मालिक को सौंप दिया जाए. लेकिन उन्होंने ऐसा करने से साफ इंकार कर दिया.

जांचा जाए सीसीटीवी-सीडीआर

अंजना केकड़ा सहित आधा दर्जन महिलाओं ने सोमवार को एसपी ऑफिस में शिकायत करते हुए इस बात की मांग की कि 18 मार्च की सीसीटीवी फुटेज के साथ-साथ पुलिसकर्मी विश्वदीप तिवारी की कॉल डीटेल मंगाकर जांच की जाए. जिससे सच्चाई सबके सामने आ सके. इसी कड़ी में यह मांग भी की गई कि उक्त पुलिसकर्मी से सोने की चैन को लेकर उसे उसके वास्तविक मालिक को सौंप दिया जाए. जिससे उन गरीबों की प्रताड़ना बंद हो सके.

भाजपा सरकार में ही जनता ने सुशासन का मतलब समझा : राजेन्द्र

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव

नवभारत न्यूज

सतना, 25 मई. भाजपा के जिलास्तरीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का समापन सोमवार 25 मई को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के मुख्यआतिथ्य एवं पूर्व महापौर राजाराम त्रिपाठी की अध्यक्षता मे किया गया।

प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियो के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने समाज के सभी वर्गो को ध्यान मे रखते हुए योजनाए बनायी है। जिसका लाभ प्रदेश की जनता को मिल रहा है। उन्होने कहा

प्रदेश के गरीबो, किसानो, युवाओ एवं महिलाओ के लिए बनाये गयी योजनाओं के माध्यम से आज हम विकसित भारत के संकल्प की ओर ब? रहे है। उन्होने कहा कि 2003 मे प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनीतभी से प्रदेश की जनता को सुशासन का मतलब समझ मे आया। उन्होने 2003 के पहले कांग्रेस सरकार के कुशासन का जिक्र करते हुएकहाकि जनता की बुनियादी समस्याए बिजली, पानी और स?क को लेकर हाहाकार जैसी स्थिति थी। लेकिन प्रदेश मे भाजपा सरकार के बनते ही सबसे पहले इन बुनियादी समस्याओ के सम्बन्ध मे कार्य किए गये और आज हर व्यक्ति को पर्याप्त बिजली, स्वच्छ पानी प्राप्त हो रहा है एवं दूरस्त गांवो तक व्यवस्थित स?को का जाल दिखाई दे रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद श्री गणेश सिंह, जिला संगठन प्रभारी जी.एस. ठाकुर, जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण प्रभारी राजेश पाण्डेय, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह, चित्रकूट प्राधिकारण के अध्यक्ष विजय यादव, विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संजय तीर्थवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार, नगर निगम अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी पालन की विशेष मौजूदगी मे हुए समापन कार्यक्रम मे कार्यकर्ताओ से प्रशिक्षण के अनुभव साझा किये गये।

बेलगाम महंगाई पर सरकार की पकड़ कमजोर : जीतू

- काग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने काग्रेस के प्रशिक्षण वर्ग में भाग लिया

नवभारत न्यूज

सतना. 25 मई. काग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लगातार ब? रही पेट्रोल डीजल की दरों पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अब बाजार पर सरकार का नियंत्रण पूरी तरह से खत्म हो चुका है. मंहगाई से लोगो की मुश्किलें हर दिन ब?ती जा रही है.

इस प्रशिक्षण वर्ग में कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों नगर अध्यक्षों एवं मंडलम अध्यक्ष भाग ले रहे हैं. के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

स्थल पर पहुंचे । प्रदेश कांग्रेस के मुखिया जीतू पटवारी जी ने कहा कि महंगाई बढ़ती जा रही है जब ?55 पेट्रोल था तो शिवराज सिंह चौहान की साइकिल चलाने लगे थे आज पेट्रोल 110 के पार चला गया है तो किसी भी भाजपा के मुंह से आवाज नहीं निकल रही है। उन्होंने कहा कि अगर महंगाई इसी तरीके से बढ़ती रही और सरकार ने यूं ही गलत फैसले लेती रही तो डॉलर की अपेक्षा रुपया अभी तो.195 के बराबर है और आने वाले 9 महीने के अंदर हो सकता है कि यही डॉलर डेढ़ सौ रुपए तक का हो जाए। जीतू पटवारी ने केंद्र सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उनकी 12 साल की सरकार में शासनकाल में महंगाई आसमान को छू गई है जिसका बुरा प्रभाव यहां की निर्दोष जनता पर पड़ रहा है।

राजू ने भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामा

सुभाष पार्क में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम मे प्रदेशाध्यक्ष की उपस्थिति में भाजपा के पूर्व पार्षद विजय अग्रवाल राजू ने अपने एक सैकड़ा साथियों के साथ और आम आदमी पार्टी के अमर कछवाह ने कांग्रेस का दामन थमा.

आल्हा जयंती पर गूंजी अमर आल्हा-ऊदल की शौर्य गाथाएं

नवभारत न्यूज

सतना, 25 मई. माँ शारदा के अनन्य भक्त वीर आल्हा की जयंती और पवित्र गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मैहर स्थित ऐतिहासिक आल्हा तालाब परिसर में एक भव्य और ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया।

इस दोहरे पावन अवसर पर पूरा मैहर नगर भक्ति, शक्ति और बुंदेली संस्कृति के अनूठे रंग में सराबोर नजर आया। तालाब के घाटों पर किए गए महा-दीपदान और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने वहां मौजूद हजारों श्रद्धालुओं और जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऐतिहासिक और पौराणिक मान्यताओ के अनुसार, महोबा के निकट जन्मे वीर आल्हा और उनके भाई ऊदल 12वीं सदी के सबसे पराक्रमी योद्धाओं में शुमार हैं। आल्हा माँ शारदा के इतने बड़े आराधक थे कि उन्होंने मैहर के पर्वत पर 12 वर्षों तक अन्न-जल त्यागकर अत्यंत कठिन तपस्या की थी। उनकी इस अदम्य भक्ति से प्रसन्न होकर साक्षात जगतजननी माँ शारदा ने उन्हें अमरत्व का अनमोल वरदान दिया था। शाम होते ही आल्हा तालाब के तट हजारों दीपकों की रोशनी से जगमगा उठे, इसके बाद स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के बुंदेली कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध लोकगाथा आल्हा-खंड का ओजपूर्ण गायन किया गया। आल्हा गायन की इन वीर रस से भरी पंक्तियों को सुनकर पंडाल में मौजूद युवाओं और नागरिकों में राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का जोश भर गया।

नेमुआ में 8 करोड़ की लागत से बनेंगे छात्रावास

नवभारत न्यूज

सतना, 25 मई. केंद्र प्रवर्तित योजना धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नेमुआ गांव में 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास निर्माण कार्य का भूमिपूजन समारोह सोमवार को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद गणेश सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता रामपुर बाघेलान विधायक विक्रम सिंह 'विक्की' ने की। छात्रावास निर्माण पर लगभग 8 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

कार्यक्रम में नगर परिषद रामपुर की अध्यक्ष रामसखी कचेर, उपाध्यक्ष राजकुमार आदिवासी एवं वार्ड क्रमांक-05 के पार्षद लक्ष्मीनारायण मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, सड? और आवागमन जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ विकसित करना है। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए केंद्र सरकार ने इस वर्ष 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का बजट निर्धारित किया है।

जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक आज

सतना 25 मई. वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत एमपी एफआरए पोर्टल पर जिला स्तर पर लंबित दावों के निराकरण हेतु जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक 26 मई को सायं 5.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की गई है। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

गंगा दशहरा पर संतोषी माता तालाब से गूंजा जल संरक्षण का संकल्प

नवभारत न्यूज

सतना, 25 मई. गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना द्वारा संतोषी माता तालाब परिसर में भव्य जनसहभागिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सहभागिता करते हुए जल

संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर योगेश कुमार ताम्रकार रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता एम.आई.सी. सदस्य गोपी गेलानी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महेंद्र पाण्डेय पार्षद व डायरेक्टर सतना स्मार्ट सिटी, एम.आई.सी. सदस्य पी.के. जैन एवं पार्षद राजेश कुमार सूर्यवंशी उपस्थित रहे। गंगा दशहरा के अवसर पर महापौर श्री ताम्रकार ने संतोषी माता तालाब में विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर चुनरी अर्पित की तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है और इसके संरक्षण के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसके लिए शासन तथा समाज को मिलकर कार्य करना होगा।

एक नजर में

पन्ना नाका व पतेरी में चला विशेष सफाई अभियान

सतना। मानसून पूर्व तैयारियों के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना द्वारा पन्ना नाका एवं पतेरी क्षेत्र में नाले की विशेष सफाई कराई गई। अभियान के दौरान नाले में जमा गाद, प्लास्टिक कचरा एवं अन्य अवरोधों को हटाकर जल प्रवाह को सुचारु किया गया तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाया गया। डॉ. शेर सिंह मीना,आयुक्त नगर पालिक निगम के निर्देशन में एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह के नेतृत्व में जेसीबी एवं डंपर की सहायता से नाले की गहन सफाई कराई गई।

प्राध्यापक ने आउटकम का प्रशिक्षण पूर्ण किया

सतना. ए.के.एस. विश्वविद्यालय के प्रबंधन अध्ययन संकाय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप चौरसिया ने मेडी-कैप्स विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी) सफलतापूर्वक पूर्ण किया। यह कार्यक्रम 2 मई से 9 मई 2026 तक हाइब्रिड माध्यम से आयोजित किया गया, जिसका विषय 卐उच्च शिक्षण संस्थानों में परिणाम आधारित शिक्षा ढांचे को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रदीप चौरसिया ने पाठ्यक्रम परिणाम, कार्यक्रम परिणाम, पाठ्य अधिगम परिणाम तथा कार्यक्रम विशिष्ट परिणामों की तैयारी एवं प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया।

ईदुज्जुहा का अवकाश अब 28 को

सतना. राज्य शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार ईदुज्जुहा का अवकाश गुरुवार 28 मई को रहेगा। पूर्व में ईदुज्जुहा का अवकाश बुधवार 27 मई को घोषित किया गया था। बुधवार 27 मई को निर्धारित समय अनुसार समस्त शासकीय कार्यालय खुले रहेंगे।